# उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान वस्तुनिष्ठ

## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**
ए. के. महाजन

**लेखन एवं संकलन**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**
**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**
**9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**

**©All rights reserved with publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए सम्पादक एवं प्रकाशक जिम्मेदार नहीं होगा।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची


- उत्तर प्रदेश : संक्षिप्त अवलोकन....5-12
- उत्तर प्रदेश : भौतिक विन्यास....13-14
- उत्तर प्रदेश : जलवायु एवं मृदा....15-16
- उत्तर प्रदेश : प्राकृतिक वनस्पतियाँ, वन एवं वन्य जीव....17-21
- उत्तर प्रदेश : नदियाँ, झीलें एवं आर्द्रभूमियाँ....22-24
- उत्तर प्रदेश : कृषि एवं पशुपालन....25-34
- उत्तर प्रदेश : सिंचाई एवं बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएँ....35-37
- उत्तर प्रदेश : पर्यटन....38-38
- उत्तर प्रदेश : उद्योग....39-56
- उत्तर प्रदेश : खनिज एवं ऊर्जा संसाधन....57-61
- उत्तर प्रदेश : परिवहन....62-65
- उत्तर प्रदेश : इतिहास....66-80
- उत्तर प्रदेश : कला एवं संस्कृति, नृत्य, मेले, उत्सव एवं स्थापत्य कला....81-105
- उत्तर प्रदेश : साहित्य एवं पत्र-पत्रिकाएँ....106-108
- उत्तर प्रदेश : जनजातियाँ....109-111
- उत्तर प्रदेश : शिक्षा व्यवस्था, शोध संस्थायें एवं संग्रहालय....112-124
- उत्तर प्रदेश : राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था....125-139
- उत्तर प्रदेश : महत्वपूर्ण योजनाएँ....140-147
- उत्तर प्रदेश : जनगणना-2011....148-156
- उत्तर प्रदेश : बजट 2024-25....157-160

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

| परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | कुल परीक्षा प्रश्न |
|---|---|
| **उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग** | |
| U.P. P.C.S. (Pre) 1991-2023 | 37 |
| U.P. P.C.S. (Mains) (वस्तुनिष्ठ) 2002-2017 | 34 |
| U.P. UDA/LDA/RO/ARO (Pre & Mains) Exam. 2001-2021, 2023 (Cancelled-**11.2.2024** ) | 18 |
| U.P. Lower Subordinate (Pre & Mains) Exam. 1998-2015 | 13 |
| U.P.P.S.C. राजस्व निरीक्षक (प्री.) परीक्षा 2014 | 1 |
| U.P.P.S.C. वन संरक्षक अधिकारी परीक्षा 2013-2021 | 17 |
| U.P. P.S.C. खाद्य सुरक्षा अधिनियम परीक्षा, 2013 | 1 |
| U.P. P.S.C. खाद्य एवं सफाई निरीक्षक परीक्षा, 2013 | 1 |
| U.P.P.S.C. स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी परीक्षा, 2006 | 1 |
| U.P.P.S.C. कर निरीक्षक अधिकारी परीक्षा, 1997, 2003 | 2 |
| U.P.P.S.C. सहायक अभियंता परीक्षा, 2004-2021 | 8 |
| U.P.P.S.C. खण्ड शिक्षा अधिकारी (BEO) परीक्षा, 2003-2019 | 6 |
| UPPSC यूनानी स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा, 2016, 2018 | 2 |
| UPPSC GDC/GIC/LT/DIET/Ashram Paddhati/पॉलिटेक्निक लेक्चरर प्रवक्ता परीक्षा, 2008-2021 | 17 |
| UPPSC मेडिकल ऑफिसर परीक्षा, 2018-2023 (Exam **15.09.2024** Shift I & II, **18.09.2024, 6.10.2024**) | 7 |
| UPPSC ADO/राज्य कृषि सेवा/विधिक्षण अधिकारी/सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा, 2014-2024 (**18.8.2024**) | 5 |
| UPPSC स्टॉफ नर्स परीक्षा, 2017- 2023 (Exam **08.09.2024** Shift I & II) | 6 |
| UPPSC APS परीक्षा, 2007, 2013, 2023 (**7.1.2024**) | 3 |
| UPPSC माइन्स इंस्पेक्टर/सहायक प्रबंधक (गैर तकनीकी)/कम्प्यूटर सहायक/सहायक रेडियो अधिकारी/पशु चिकित्सा अधिकारी परीक्षा, 2016 - 2021 | 5 |
| UP PSC (J) and APO 2002- 2022 | 16 |
| UP PSC (Dental Surgeon) 2018, 2023 (1.10.2023) | 2 |
| UPPCS (Assistant Town Planner) 2023 (Exam **30.06.2024**) | 1 |
| UPPCS (ITI Principal/Asstt. Director) 2021 (Exam 9.1.2022) | 1 |
| **उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड** | |
| उपनिरिक्षक भर्ती परीक्षा, 2021, 2017, 2016, 2014, 2011, 2001, 1999, 1991 | 88 |
| उपनिरिक्षक गोपनीय सहायक उपनिरिक्षक लिपिक/लेखा, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर भर्ती परीक्षा, 2021, 2016, 2013 | 9 |
| सिपाही आरक्षी भर्ती परीक्षा 2019, 2018, 2014, 2013, 2011, 2009, **2024 (Cancelled), 2024 (Re-exam)** | 28 |
| जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार भर्ती परीक्षा, 2020 | 4 |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर (रेडियो संवर्ग) 2023 | 20 |

| उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ | |
|---|---|
| प्रारंभिक अर्हता, परीक्षा (PET) 2021-2023 (28.10.2023) | 10 |
| वन रक्षक परीक्षा, 2015-2015 | 2 |
| राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015-2022 | 3 |
| लोवर परीक्षा, 2016 (I,II,III), 2017, 2019 I, II, 2022 | 12 |
| लघु सिंचाई विभाग, असिस्टेंट बोरिंग टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा, 2025-2022 | 2 |
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी (ASO) भर्ती परीक्षा, 2022 | 1 |
| राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद् भर्ती परीक्षा, 2018 - 2022 | 3 |
| महिला स्वास्थ्यकर्ता (ANM) भर्ती परीक्षा, 2022 | 1 |
| जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2015-2019 | 4 |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर परीक्षा, 2020 | 1 |
| कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015, 2016, 2017, 2020, 2023 | 7 |
| होमियो पैथी फार्मासिस्ट परीक्षा, 2019 | 1 |
| गन्ना पर्वेक्षक, 2016 | 2 |
| स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2015, 2016, 2017 | 3 |
| कृषि प्राविधिक भर्ती परीक्षा, 2018 | 1 |
| सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015, 2016, 2018, 2018 (Re-exam- 26, 27.06.2023) | 11 |
| विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018 | 2 |
| सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018 | 2 |
| आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा, 2016 | 1 |
| अमीन परीक्षा, 2016 | 1 |
| राजस्व निरीक्षक, 2016 | 1 |
| कम्बाइंड मेडिकल सर्विसेस (फाइलेरिया, मलेरिया इंस्पेक्टर) कम्पटेटिव परीक्षा, 2015 | 1 |
| UDA/LDA भर्ती परीक्षा, 2015 | 1 |
| असिस्टेंट एकाउन्टेन्ट भर्ती परीक्षा, 2015 | 1 |
| चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 | 2 |
| परिचालक (Conductor) भर्ती परीक्षा, 2015 | 1 |
| सम्मिलित तकनीकी परीक्षा, 2016 | 1 |
| अनुदेशक परीक्षा, 2023 (**25.02.2024**) | 1 |
| **इलाहाबाद हाईकोर्ट, इलाहाबाद** | |
| RO/ARO/CA/APS/Group C & D/Stenographer/Driver 2011-2022 | 50 |
| **कुल प्रश्न-पत्र** | **482** |

# 01.

# संक्षिप्त अवलोकन

1. **निम्न में से उत्तर प्रदेश का कौन-सा जनपद चार राज्यों की सीमाएँ स्पर्श करता है?**
   (a) मिर्जापुर (b) सोनभद्र
   (c) बलिया (d) चन्दौली

**UPPSC State Agriculture Services 2023**
**UPPCS (Mains) GS Ist 2015**
**UPPSC ACF/RFO (Mains) Ist Paper 2019**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जनपद की सीमा चार राज्यों को स्पर्श करती हैं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार। सोनभद्र उत्तर प्रदेश का दक्षिण पूर्व में स्थित जिला है, जो बिहार के कैमूर एवं रोहतास, झारखंड के गढ़वा, छत्तीसगढ़ के कोरिया और सरगूजा तथा मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिलों को स्पर्श करता है।

2. **नोएडा उत्तर प्रदेश के किस जिले के अंतर्गत आता है?**
   (a) बुलन्दशहर (b) मथुरा
   (c) गाजियाबाद (d) गौतम-बुद्ध नगर

**UP Police Const. Re-exam 23/08/2024 Shift-I**
***UPPSC RO/ARO (Pre) 2017***

**Ans. (d) :** नोएडा (न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी) उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के अन्तर्गत आता है। गौतमबुद्ध नगर की स्थापना वर्ष 1997 में बुलन्दशहर और गाजियाबाद जिलों के कुछ हिस्सों को मिलाकर की गई थी। नोएडा दिल्ली से लगभग 19 किमी. दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यह दिल्ली एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) का भी हिस्सा है।

3. **उत्तर प्रदेश के राज्य पुष्प का नाम क्या है?**
   (a) कमल (b) वाटर लिली
   (c) गुलाब (d) पलाश

**UP Police Const. Re-exam 31/08/2024 Shift-II**
**UPSSSC Junior Assistant 04/01/2020 Shift-II**
**UPP Constable 18.06.2018 (Shift-I)**
**Allahabad High Court CA/RGC 18-12-2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश के राज्य पुष्प का नाम पलाश है। पलाश का वैज्ञानिक नाम ब्यूटिया मोनोस्पर्मा है। पलाश को ढाक या टेसू के नाम से भी जाना जाता है, पलाश के फूलों का इस्तेमाल होली के रंग बनाने में किया जाता है, इनसे बने प्राकृतिक रंग त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

4. **भारत के मानक समय के रूप में 82030' पूर्व देशांतर रेखा को माना जाता है जो उत्तर प्रदेश में .............. से होकर गुजरती है।**
   (a) गाजीपुर (b) मिर्जापुर
   (c) गोरखपुर (d) लखनऊ

**Allahabad High Court Stenographer 15-07-2017**

**Ans : (b)** मानक समय किसी देश के मध्य से गुजरने वाली याम्योत्तर का माध्य होता है। उदाहरण के लिए भारत के मानक समय के रूप में $82\frac{1}{2}^{0}$ पूर्व देशान्तर रेखा को माना जाता है। यह रेखा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से होकर गुजरती है। हालांकि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (नैनी) को भी माना जाता है, लेकिन सही उत्तर मिर्जापुर है।

5. **निम्नलिखित में कौन सा एक उत्तर प्रदेश के तथ्यों के बारे में बेमेल है?**
   (a) राज्य वृक्ष - अशोक (b) राज्य पक्षी - सारस क्रेन
   (c) राज्य फूल - पलाश (d) राज्य पशु - नीलगाय

**Allahabad High Court ARO 14-12-2021 Shift-II**

**Ans (d) :** उत्तर प्रदेश का राजकीय पशु बारहसिंघा है न कि नीलगाय। अन्य सभी विकल्प सही सुमेलित हैं। उत्तर प्रदेश का राजकीय नृत्य कथक है।

6. **निम्नलिखित में कौन-सा शहर गोमती नदी के तट पर स्थित नहीं है?**
   (a) लखनऊ (b) लखीमपुर खीरी
   (c) अयोध्या (d) जौनपुर

**Allahabad High Court APS 22-12-2021 Shift-I**

**Ans (c) :**

| शहर | | नदी |
|---|---|---|
| लखनऊ | – | गोमती |
| जौनपुर | – | गोमती |
| लखीमपुर खीरी | – | गोमती |
| अयोध्या | – | सरयू |

7. **उत्तर प्रदेश के किस शहर की सीमा हरियाणा से नहीं लगती है?**
   (a) मथुरा (b) गौतम बुद्ध नगर
   (c) सहारनपुर (d) बुलंदशहर

**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश के छः जिलों की सीमा हरियाणा के साथ लगती है। जिसमें से सहारनपुर, शामली, बागपत, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ तथा मथुरा हैं। बुलंदशहर की सीमा हरियाणा के साथ नहीं लगती है। उत्तर प्रदेश की सीमा आठ राज्यों तथा एक केन्द्रशासित राज्य के साथ लगती है।

8. **उत्तर प्रदेश राज्य के प्रतीक चिह्न में क्या नहीं है?**
   (a) तीर (b) धनुष
   (c) मछली (d) मोर

**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का राज्य प्रतीक चिह्न मछली एवं धनुष-तीर है। इसमें एक वृत्त में ऊपर धनुष-तीर बीच में बहती गंगा-यमुना नदियाँ तथा नीचे दायें व बायें दो मछलियाँ हैं। इसे वर्ष 1983 में स्वीकृत किया गया था। मोर प्रतीक चिह्न में शामिल नहीं है।

उ. प्र. के अन्य प्रमुख प्रतीक-

| | | |
|---|---|---|
| राजकीय पशु | – | बारहसिंह |
| राजकीय वृक्ष | – | अशोक |
| राजकीय पक्षी | – | सारस |
| राजकीय पुष्प | – | पलाश |

**9. भारत का कौन-सा राज्य अधिकतम राज्यों की सीमाओं को स्पर्श करता है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक

(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** भारत का उत्तर प्रदेश राज्य 8 राज्यों तथा 1 केन्द्र शासित प्रदेश तथा एक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है जो कि भारत में किसी राज्य द्वारा स्पर्श सर्वाधिक सीमा है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा बिहार राज्यों एवं दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश तथा नेपाल के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है।

**10. श्री मनोज सिन्हा को अगस्त 2020 में किस संघशासित प्रदेश का उपराज्यपाल नियुक्त किया है?**

(a) लद्दाख

(b) चंडीगढ़

(c) जम्मू और कश्मीर

(d) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** अगस्त, 2020 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मनोज सिन्हा को जम्मू-कश्मीर का उप-राज्यपाल (Lieutenant governor) नियुक्त किया।

**11. क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारतीय राज्यों के बीच उत्तर प्रदेश का स्थान _____ है।**

(a) पहला (b) दूसरा

(c) तीसरा (d) चौथा

**Allahabad High Court ARO 18-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का चौथा स्थान है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है एवं सबसे छोटा राज्य गोवा है। जनसंख्या के दृष्टि से उत्तर प्रदेश का पहला स्थान है। भारत का सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख है, जबकि सबसे छोटा लक्षद्वीप है।

**12. किस शहर को 'खिलौनों के शहर' के नाम से जाना जाता है?**

(a) गाजियाबाद (b) कानपुर

(c) नोएडा (d) ग्रेटर नोएडा

**Allahabad High Court ARO 19-12-2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** 'खिलौनों का शहर' के नाम से उत्तर प्रदेश का शहर ग्रेटर नोएडा को जाना जाता है।

| **जिला** | **उत्पाद** |
|---|---|
| कानपुर | चर्म उत्पाद |
| गाजियाबाद | इंजीनियरिंग समान |
| गौतम बुद्ध नगर | रेडीमेड कपड़े |

**13. उत्तर प्रदेश के साथ सबसे कम सीमा वाला राज्य ......... है।**

(a) मध्य प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश

(c) झारखण्ड (d) छत्तीसगढ़

**Allahabad High Court ARO 19-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश के साथ सबसे छोटी सीमा साझा करने वाला राज्य हिमाचल प्रदेश है, जिससे उत्तर प्रदेश का सहारनपुर जिला संलग्न है। उत्तर प्रदेश की सीमा 8 राज्यों- हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार और उत्तराखण्ड से तथा एक केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली से मिलती है। उ.प्र. की सबसे लम्बी सीमा मध्य प्रदेश से लगती है।

उत्तर प्रदेश का एकमात्र जिला सोनभद्र है जो कि सर्वाधिक 4 राज्यों- म.प्र., छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार से सीमा साझा करता है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **शहर/नगर** | **नदी** |
|---|---|
| (a) बिठूर | - गंगा |
| (b) गोरखपुर | - राप्ती |
| (c) जौनपुर | - सई |
| (d) कौशाम्बी | - यमुना |

**Allahabad High Court ARO 20-12-2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** बिठूर गंगा नदी के किनारे, गोरखपुर राप्ती नदी के किनारे, कौशाम्बी यमुना नदी के किनारे स्थित है। जौनपुर गोमती नदी के किनारे स्थित है न कि सई नदी के किनारे। अतः विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है।

**15. उत्तर प्रदेश का कौन सा व्यवसायिक शहर पीतल के बर्तनों के लिए प्रसिद्ध है और देश के पीतल शहर के नाम से प्रचलित है?**

(a) मेरठ (b) सहारनपुर

(c) मिर्जापुर (d) मुरादाबाद

**Allahabad High Court ARO 06-01-2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद शहर अपने पीतल के बर्तनों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। मुरादाबाद को 'पीतल नगरी' के नाम से जाना जाता है। यहाँ पर पीतल के बर्तन, सजावटी सामान और अन्य हस्तनिर्मित पीतल उत्पादों का निर्माण किया जाता है। मुरादाबाद रामगंगा नदी के तट पर स्थित है।

**16. ब्रिटिश शासन के दौरान उत्तर प्रदेश का नाम क्या था?**

(a) यूनाइटेड प्रोविन्स ऑफ आगरा और अवध

(b) किंग्डम ऑफ बनारस और टिहरी-गढ़वाल

(c) यूनाइटेड प्रोविन्स ऑफ इलाहबाद

(d) अवध प्रदेश

**Allahabad High Court ARO 06-01-2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** ब्रिटिश शासन के दौरान उत्तर प्रदेश को 'आगरा और अवध का संयुक्त प्रांत' के नाम से जाना जाता था। भारत की आज़ादी के बाद संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश कर दिया गया।

**17. उत्तर प्रदेश में राजकीय कार्यों में किस भाषा का प्रयोग होता है?**

(a) उर्दू (b) हिंदी
(c) अंग्रेजी (d) भोजपुरी

**Allahabad High Court RO 08--01-2017**

**Ans. : (b)** उत्तर प्रदेश में राजकीय कार्यों में हिंदी भाषा का प्रयोग होता है। उर्दू को उत्तर प्रदेश की दूसरी राजभाषा का दर्जा प्राप्त है।

**18. ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम उत्तर प्रदेश के ................जिले में स्थित है।**

(a) लखनऊ (b) नोएडा
(c) कानपुर (d) वाराणसी

**Allahabad High Court RO 08--01-2017**

**Ans. : (c)** ग्रीन पार्क किक्रेट स्टेडियम उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में स्थित है।

**19. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित शहरों में से कौन सा गोमती नदी के तट पर स्थित है?**

(a) मथुरा (b) आगरा
(c) वाराणसी (d) लखनऊ

**Allahabad High Court RO 08--01-2017**

**Ans. : (d)**

| शहर | | नदी |
|---|---|---|
| मथुरा | - | यमुना |
| आगरा | - | यमुना |
| वाराणसी | - | गंगा |
| लखनऊ | - | गोमती |

**20. स्वतंत्र भारत में उत्तर प्रदेश (विगत काल के संयुक्त प्रांत) के पहले गवर्नर कौन थे?**

(a) फ्रांसिस वर्नर विली (b) सरोजिनी नायडू
(c) न्यायाधीश श्री बी.बी. मलिक (d) एच. पी. मोदी

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**

**Ans. (b) :** भारत की स्वतंत्रता के उपरान्त उत्तर प्रदेश (विगत काल के संयुक्त प्रांत) की पहली गवर्नर सरोजिनी नायडू थीं, जिनका कार्यकाल 15 अगस्त, 1947 से 2 मार्च, 1949 तक था। इनके पश्चात बी. बी. मलिक व एच. पी. मोदी थे। उत्तर प्रदेश का संयुक्त प्रांत नाम 1937 से 1950 तक था। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन 1950 को उत्तर प्रदेश का नाम परिवर्तित किया गया था।

**21. उत्तर प्रदेश के विधान सभा में कितने सदस्य हैं?**

(a) 400 निर्वाचित होते हैं और 3 को नामित किया जाता है
(b) 403 निर्वाचित होते हैं और 1 को नामित किया जाता है
(c) 401 निर्वाचित होते हैं और 3 को नामित किया जाता है
(d) 405 निर्वाचित होते हैं

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश विधान सभा में 403 निर्वाचित तथा 1 मनोनीत (एंग्लो इंडियन) सदस्य होते हैं। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में सदस्यों की संख्या 100 है। उत्तर प्रदेश में लोक सभा सदस्य 80 तथा राज्य सभा सदस्यों की संख्या 31 है। वर्तमान में एंग्लो इंडियन की आरक्षण सम्बन्धी समय सीमा समाप्त होने के पश्चात पुनः समय सीमा संसद द्वारा नहीं बढ़ाई गयी है।

**22. गोविंद बल्लभ पंत के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) आगरा घराना के जाने माने गायक
(b) उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल
(c) उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री
(d) शास्त्रीय नृत्य शैली कथन के महत्वपूर्ण प्रतिपादक

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**

**Ans. (c) :** गोविंद बल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। वे कांग्रेस के नेता व प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे। उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल सरोजिनी नायडू थीं।

**23. निम्न में से किन राज्यों की सीमा उत्तर प्रदेश के साथ लगी हुई है?**

(a) छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश
(b) छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, झारखण्ड
(c) झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना
(d) हिमाचल प्रदेश, पंजाब, झारखंड, राजस्थान

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश की सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड व बिहार तथा संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश को आठ राज्य, 1 संघ शासित प्रदेश तथा 1 देश (नेपाल) की सीमा स्पर्श करती है।

**24. उत्तर प्रदेश के किस शहर को भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाता है?**

(a) बस्ती (b) मथुरा
(c) वाराणसी (d) बांदा

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**

**Ans. (c) :** वाराणसी को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। काशी (वाराणसी) का प्रथम उल्लेख अथर्ववेद में है तथा यह 16 महाजनपदों में से एक था। यह हिन्दू धर्म का प्रतिष्ठित केन्द्र है। वरुणा व अस्सी नामक नदियों के मध्य स्थित होने के कारण इसे वाराणसी कहा जाता है।

**25. ________बंगीरा पर्वत शिखर पर स्थित है।**

(a) अलीगढ़ किला (b) रानी झाँसी का किला
(c) देवगढ़ फोर्ट (d) रामनगर फोर्ट

**Allahabad High Court RO 11--12-2021 Shift-II**

**Ans. (b) :** रानी झाँसी का किला उ.प्र. के झाँसी में बंगारा/बंगीरा नामक पहाड़ी पर स्थित है। इस किले का निर्माण ओरछा के राजा बीर सिंह देव द्वारा (1626-27 ई.) में करवाया गया था। इस किले के भीतर भगवान गणेश को समर्पित मंदिर और म्यूजियम है।

26. **निम्नलिखित में से कौन-सा शहर यमुना नदी के तट पर स्थित है?**

(a) लखनऊ (b) मथुरा
(c) झांसी (d) वाराणसी

**Allahabad High Court RO 11--12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में नदियों पर स्थित प्रमुख शहर-

| **शहर** | **नदी** |
|---|---|
| अयोध्या | सरयू |
| मथुरा | यमुना |
| लखनऊ | गोमती |
| वाराणसी | गंगा |
| प्रयागराज | गंगा-यमुना एवं सरस्वती संगमतट पर |
| इटावा | यमुना |
| हैदराबाद | मूसी |
| जौनपुर | गोमती |

27. **उत्तर प्रदेश राज्य की दूसरी आधिकारिक राजभाषा क्या है?**

(a) अवधी (b) अंग्रेजी
(c) उर्दू (d) संस्कृत

**Allahabad High Court RO 12--12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश राज्य की आधिकारिक भाषा हिंदी है, जिसको उत्तर प्रदेश राजभाषा अधिनियम, 1951 द्वारा उत्तर प्रदेश की अधिकारिक भाषा घोषित किया गया था। 1989 में उर्दू को उत्तर प्रदेश राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा घोषित किया गया था।

28. **उत्तराखंड कब उत्तर प्रदेश से अलग हुआ था?**

(a) मार्च, 2000 (b) अप्रैल, 2000
(c) जुलाई, 2000 (d) नवम्बर, 2000

**Allahabad High Court RO 12--12-2021 Shift-I**
**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** 9 नवम्बर, 2000 को उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश से अलग होकर भारत का 27वाँ राज्य बना। उत्तराखण्ड का राजकीय पुष्प- ब्रह्मकमल, राजकीय वृक्ष- बुरांश, राजकीय पशु- कस्तूरी मृग, राजकीय पक्षी- मोनाल, राजकीय खेल- फुटबॉल है।

29. **उत्तर प्रदेश में, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज कहाँ अवस्थित है?**

(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) गाजियाबाद (d) मेरठ

**Allahabad High Court RO 12--12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज कानपुर में अवस्थित है। इसका उद्घाटन तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी ने 27 अगस्त, 1982 को किया था। भारत में सेबी (SEBI) द्वारा मान्यता प्राप्त 23 स्टॉक एक्सचेंज हैं। इनमें दो बीएसई (BSE) और एनएसई (NSE) राष्ट्रीय स्तर के स्टॉक एक्सचेंज हैं।

30. **निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य उत्तर प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता?**

(a) उत्तराखंड (b) बिहार
(c) छत्तीसगढ़ (d) पश्चिम बंगाल

**Allahabad High Court RO 05--01-2022 Shift-II**

**Ans. (d) :** पश्चिम बंगाल राज्य उत्तर प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है। उत्तर प्रदेश से सीमा साझा करने वाले राज्य हैं– बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली।

31. **उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस शहर में वन क्षेत्र नहीं है?**

(a) झाँसी (b) मिर्जापुर
(c) जौनपुर (d) हमीरपुर

**Allahabad High Court RO 05--01-2022 Shift-II**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर शहर में वन क्षेत्र नहीं है। गाजीपुर और बलिया में भी कोई वन भूमि नहीं है।

32. **उस शहर का नाम बताइये जो ''भारत की आम्र राजधानी'' कहलाता है?**

(a) प्रयागराज (b) मुरादाबाद
(c) मलीहाबाद (d) बरेली

**Allahabad High Court RO 06-01-2022 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित 'मलीहाबाद' शहर को भारत की आम्र राजधानी के नाम से जाना जाता है। जबकि प्रयागराज को संगम नगरी, मुरादाबाद को चूड़ी नगरी व बरेली को सुरमा नगरी के नाम से जाना जाता है।

33. **उत्तर प्रदेश कितने भारतीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से घिरा है?**

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

**Allahabad High Court RO 07-01-2022 Shift-II**
**UPPCS (Mains) 07-01-2017**
**आबकारी सिपाही 25-09-2016**
**UDA/LDA 2015**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश की सीमा 8 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश से लगी है। उत्तर प्रदेश की सीमा उत्तर में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्व में बिहार, झारखंड, पश्चिम में राजस्थान और दक्षिण में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लगती है। उत्तर प्रदेश को छूने वाली सबसे लम्बी सीमा मध्य प्रदेश की और सबसे छोटी सीमा हिमाचल प्रदेश की है।

34. **उत्तर प्रदेश के वर्तमान राज्यपाल हैं :**

(a) श्री टी.वी. राजेश्वर
(b) श्री होरमासजी पेरोशॉ मोदी
(c) श्री बी.एल. जोशी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**UPP Constable (Pre), 2013**

**Ans : (c)** श्री बी. एल. जोशी ने 28 जुलाई, 2009 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इनका कार्यकाल 28 जुलाई, 2009 से 17 जून, 2014 तक रहा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल हैं।

35. **उत्तर प्रदेश के कौन-से मुख्यमंत्री गोरखपुर मठ के अध्यक्ष भी हैं/थे?**

(a) संपूर्णानंद (b) गोविंद वल्लभ पंत
(c) बनारसी दास (d) योगी आदित्यनाथ

**विधान भवन रक्षक - 02-12-2018 (shift- II)**

**Ans. (d) :** श्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर और मठ के मुख्य पुजारी और एक राजनेता भी हैं। वर्तमान में श्री योगी आदित्यनाथ (श्री अजय सिंह बिष्ट) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। इनका जन्म 5 जून, 1972 को पंचुर, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड में हुआ था। श्री आदित्य नाथ जी गोरख नाथ मंदिर के पूर्व महन्त अवैद्य नाथ के उत्तराधिकारी हैं तथा 'हिन्दू वाहिनी' राष्ट्रवादी समूह के संस्थापक भी हैं।

**36. उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ............संप्रदाय से संबंधित हैं।**

(a) नागा (b) नाथ
(c) कालमुख (d) माधव

**UPP Constable, 26.10.218 (Shift-1)**

**Ans. (b) :** योगी आदित्यनाथ का मूल नाम : अजय सिंह बिष्ट है। इनका जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखण्ड के पौड़ी गढ़वाल जिले में हुआ था। ये गोरखपुर के प्रसिद्ध गोरखनाथ मन्दिर के महन्त एवं राजनेता हैं एवं वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 21वें मुख्यमंत्री हैं। ये हिन्दू युवाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी समूह हिन्दू वाहिनी के संस्थापक भी हैं। इनका सम्बन्ध ''नाथ'' सम्प्रदाय से है।

**37. 31 दिसंबर 2023 तक उत्तर प्रदेश में कितने जिले हैं?**

(a) 25 (b) 15
(c) 80 (d) 75

**UP Police Asst. Operator 07/02/2024 Shift-II**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश देश में जनसंख्या के आधार पर सबसे बड़ा राज्य है जबकि क्षेत्रफल के आधार पर देश का चौथा बड़ा राज्य है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 75 जिले एवं 18 मण्डल हैं।

**38. कौन-सा राज्य उत्तर प्रदेश के पूर्व में स्थित है?**

(a) हरियाणा (b) केरल
(c) बिहार (d) ओडिशा

**UP Police Asst. Operator 07/02/2024 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश देश के उत्तरी भाग में स्थित राज्य है। इसकी सीमा उत्तर में नेपाल व उत्तराखण्ड राज्य से दक्षिण में मध्य प्रदेश, पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान तथा पूर्व में बिहार व दक्षिण-पूर्व में झारखण्ड व छत्तीसगढ़ से घिरा हुआ है।

**39. उत्तर प्रदेश का निम्न में से कौन-सा शहर अवधी या मुगल व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) लखनऊ (b) औरंगाबाद
(c) ओंगोल (d) इटारसी

**UP Police Asst.Operator 02/02/2024 Shift-II**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का लखनऊ शहर उत्तरकालीन मुगल (1707 के उपरान्त) शासकों के काल में अवध सूबे की राजधानी था। लखनऊ अपने विशेष मुगल एवं अवधी पकवानों एवं कलाओं के कारण विश्व प्रसिद्ध है। यही कारण है कि इसे नवाबों का शहर एवं नज़ाकत एवं नफ़ासत का शहर कहा जाता है।

**40. निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर प्रदेश का सीमावर्ती राज्य नहीं है?**

(a) हरियाणा (b) ओडिशा
(c) बिहार (d) मध्य प्रदेश

**UPSSSC Instructor Exam-2022**

**Ans. (b) :** ओडिशा, उत्तर प्रदेश का सीमावर्ती प्रदेश नहीं है, यह एक तटीय प्रदेश है जो देश के पूर्वी समुद्री तट पर अवस्थित है। जबकि हरियाणा, बिहार व मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती राज्य हैं।

**41. उत्तर प्रदेश की राज्य सीमा निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा को नहीं छूती है?**

(a) उत्तराखण्ड (b) तेलंगाना
(c) हरियाणा (d) बिहार

**UP Police Const. (M/F) 17-02-2024 Shift-II (Cancelled)**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश की सीमा भारत के आठ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के साथ लगती है, जिनमें शामिल हैं : राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली (केन्द्रशासित प्रदेश), उत्तराखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखण्ड और छत्तीसगढ़ है। अतः तेलंगाना राज्य की सीमा उत्तर प्रदेश के साथ नहीं लगती है।

**42. निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर प्रदेश का राज्य वृक्ष है?**

(a) बाँस (b) बरगद
(c) बांज (d) अशोक

**UP Police Const. (M/F) 17-2-2024 Shift-I (Cancelled)**
**Allahabad High Court RO 12-12-2021 Shift-I**
**Allahabad High Court Group-D 23-07-2017**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का राज्य वृक्ष अशोक का पेड़ है। उत्तर प्रदेश दिवस प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है।

- उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी → सारस
- उत्तर प्रदेश का राज्य पशु → बारहसिंगा
- उत्तर प्रदेश का राज्य पुष्प → पलाश

**43. राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश की स्थापना निम्नलिखित में से किस जिले में की गई थी?**

(a) इलाहाबाद (प्रयागराज) (b) वाराणसी
(c) मेरठ (d) लखीमपुर

**UP Police Contable (M/F) 18/02/2024 Shift-I (Cancelled)**

**Ans. (a) :** राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश की स्थापना सन् 1831 में इलाहाबाद (प्रयागराज) जिले में की गई थी। राजस्व बोर्ड राज्य में उत्तम राजस्व न्यायपालिका था जिसमें आकस्मिक कार्यकारी कार्यों के लिए आयुक्तों और कलेक्टरों पर नियंत्रण की आवश्यकता होती थी।
राजस्व बोर्ड के कार्य -

- किराया, राजस्व का संग्रहण और संग्रहण कर्मचारियों पर नियंत्रण
- राजस्व कानूनों का प्रशासन
- स्टाम्प, उत्पादन शुल्क, अफीम और आयकर से संबंधित कानूनों का प्रशासन।
- राजस्व कानूनों के संबंध में न्यायिक कार्य।
- निपटान संचालन।

**44. 'उत्तर प्रदेश दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?**

(a) 23 जनवरी (b) 25 जनवरी
(c) 24 जनवरी (d) 26 जनवरी

**UPPCS (Pre) 2022**
**Lower Exam 30.09.2019 (Shift-I)**
**Allahabad High Court APS 23-12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिवर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाती है। 24 जनवरी को इसलिए चुना गया क्योंकि वर्ष 1950 में इसी दिन तत्कालीन संयुक्त प्रांत (United Province) का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश किया गया था। वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रथम बार 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के रूप में मनाया।

**45. भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश का कितना भौगोलिक प्रतिशत है?**

(a) 7.33% (b) 8.99%
(c) 9.02% (d) 10.04%

**UPPSC GIC Lecturer 2021**
**UPP Constable 19.06.2018 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 2,40,928 वर्ग किलोमीटर है जिसकी सीमा भारत के आठ राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश (कुल-9) को स्पर्श करती है। इसका क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का 7.33% है और क्षेत्रफल की दृष्टि से चौथा बड़ा राज्य है।

**46. उत्तर प्रदेश सरकार ने किस ऐतिहासिक स्मारक से जुड़वां मछली का राजचिह्न अंगीकार किया है?**

(a) बुलन्द दरवाजा (b)रूमी दरवाजा
(c) लखी दरवाजा (d)दिल्ली गेट

**UPPSC ACF RFO (Mains) 2021 Paper-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के रूमी दरवाजा ऐतिहासिक स्मारक से जुड़वा मछली का राजचिह्न अंगीकार किया है। रूमी दरवाजा लखनऊ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नवाब आसफउद्दौला ने 1784 ई. में करवाया।

**47. उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?**

(a) हमीरपुर (b) हरदोई
(c) हाथरस (d) हापुड़

**UPPCS (Pre) 2021**

**Ans. (d) :** क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा जिला हापुड़ (660 किमी.$^2$) है। क्षेत्रफल की दृष्टि से लखीमपुर खीरी (7680 किमी.$^2$) सबसे बड़ा जिला है।

**48. निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश का कौन-सा जनपद नेपाल के साथ सीमा साझा नहीं करता है?**

(a) बलरामपुर (b) श्रावस्ती
(c) कुशीनगर (d) लखीमपुर खीरी

**UPPSC RO/ARO Pre 2021**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के 7 जिले नेपाल के साथ सीमा साझा करते हैं। उत्तर प्रदेश का कुशीनगर जिला नेपाल के साथ सीमा साझा नहीं करता है। जबकि बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी,बहराइच, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर तथा महाराजगंज जिले नेपाल के साथ सीमा साझा करते हैं।

**49. उत्तर प्रदेश के राजकीय चिह्न में नहीं है –**

(a) मछलियाँ (b) धनुष
(c) तीर (d) मोर

**UPPCS (Mains) GS, I$^{st}$ 2014**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का राजकीय चिह्न में मछलियां, धनुष और तीर है जबकि दिये गये विकल्पों में मोर राजकीय चिह्न में शामिल नहीं है।

**50. उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है-**

(a) मोर (b) सारस (c) तोता (d) कोयल

**UPPCS (Pre) GS, 2011**
**UPSI 20.11.2021 (Shift-III)**
**ग्राम पंचायत अधिकारी 21.02.2016**
**UDA/LDA 2015**
**Allahabad High Court ARO 06-01-2021 Shift-I**
**लोअर द्वितीय 06-03-2016**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रतीक चिह्न निम्नलिखित है-

| | | |
|---|---|---|
| राजकीय पशु | — | बारहसिंगा |
| राजकीय पक्षी | — | सारस अथवा क्रौंच |
| राजकीय वृक्ष | — | अशोक |
| राजकीय पुष्प | — | पलाश |
| राजकीय खेल | — | हॉकी |
| राजकीय चिह्न | — | 1 वृत्त में 2 मछली, 1 तीर-धनुष |

**51. उत्तर प्रदेश में न्यूनतम क्षेत्रफल वाला जनपद है –**

(a) सन्त कबीर नगर (b) गौतम बुद्ध नगर
(c) अम्बेडकर नगर (d) कानपुर नगर

**UPPCS (Pre) G.S. 2005**

**Ans. (b) :**

| जनपद | क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) |
|---|---|
| अम्बेडकर नगर | 2350 |
| कानपुर नगर | 3155 |
| गौतमबुद्ध नगर | 1282 |
| संत कबीर नगर | 1646 |

**52. उत्तर प्रदेश के सबसे अधिक और सबसे कम क्षेत्रफल वाले जनपद क्रमशः हैं –**

(a) सोनभद्र एवं सन्त रविदास नगर
(b) खीरी एवं सन्त रविदास नगर
(c) लखनऊ एवं बागपत
(d) कानपुर देहात एवं ललितपुर

**UPPCS (Pre) G.S. 2004**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला लखीमपुर खीरी (7680 वर्ग किमी.) है। प्रश्नकाल में सबसे कम क्षेत्रफल वाला जिला - संत रविदास नगर (भदोही) (1015 वर्ग किमी.) था। वर्तमान में उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा जिला हापुड़ (660 वर्ग किमी.) है।

**53. उत्तर प्रदेश के निम्न जनपदों में से किस एक को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा स्पर्श नहीं करती है?**

(a) बलरामपुर को (b) श्रावस्ती को
(c) पीलीभीत को (d) बस्ती को

**UPPSC Food Safety Inspector Exam. 2013**

TEAM SPY

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश राज्य का बस्ती जिला नेपाल के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है। नेपाल हमारा पड़ोसी देश है जो 579 किमी. उत्तर प्रदेश के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
उत्तर प्रदेश राज्य के 7 जिलों की सीमा नेपाल के साथ लगती है। जो निम्न हैं– सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, बहराइच, लखीमपुर, पीलीभीत

**54. यू.पी. के निम्नलिखित जनपदों में कौन उत्तरांचल, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश के साथ सीमा बनाता है।**
(a) सहारनपुर (b) मेरठ (c) मुजफ्फरनगर (d) सोनभद्र

**UPPSC Health Inspector 2013**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले की सीमा उत्तरांचल (वर्तमान में उत्तराखण्ड), हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से लगती है। सहारनपुर जिला एक कृषि प्रधान क्षेत्र है। सहारनपुर की काष्ठकला और दारुल उलूम देवबंद विश्व पटल पर सहारनपुर को अलग पहचान दिलाते हैं।

**55. उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी शहर निम्नलिखित में से कौन है?**
(a) बलिया (b) आजमगढ़
(c) बाराबंकी (d) बस्ती

**UPPSC RO/ARO (PRE), 2017**
**Allahabad High Court ARO 16-12-2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी और पश्चिमी जिला क्रमशः बलिया तथा शामली हैं। जबकि सबसे उत्तरी और दक्षिणी जिला क्रमशः सहारनपुर तथा सोनभद्र हैं। उल्लेखनीय है कि बलिया की पूर्वी सीमा बिहार के तीन जिलों भोजपुर, छपरा तथा सिवान से घिरा हुआ है।

**56. निम्नलिखित जिलों का भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सही आरोही अनुक्रम है –**
(a) बाराबंकी, गौतम बुद्ध नगर, मिर्जापुर, सोनभद्र
(b) मिर्जापुर, सोनभद्र, बाराबंकी, गौतम बुद्ध नगर
(c) गौतम बुद्ध नगर, बाराबंकी, मिर्जापुर, सोनभद्र
(d) सोनभद्र, मिर्जापुर, गौतम बुद्ध नगर, बाराबंकी

**UPPCS (Mains) GS I$^{st}$ 2015**

**Ans. (c) :**

| **जिलों का नाम** | | **भौगोलिक क्षेत्रफल** |
|---|---|---|
| गौतमबुद्ध नगर | – | 1282 वर्ग किमी. |
| बाराबंकी | – | 4402 वर्ग किमी. |
| मिर्जापुर | – | 4405 वर्ग किमी. |
| सोनभद्र | – | 6,905 वर्ग किमी. |

**57. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जनपदों में से कौन क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?**
(a) वाराणसी (b) जौनपुर
(c) प्रयागराज (d) गाजीपुर

**UPPCS (Mains) GS I$^{st}$ 2013**

**Ans. (a) :** प्रश्नानुसार जिले एवं उनका क्षेत्रफल है –

| **(जिला)** | | **क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)** |
|---|---|---|
| वाराणसी | – | 1535 |
| जौनपुर | – | 4038 |
| प्रयागराज | – | 5482 |
| गाजीपुर | – | 3377 |

**58. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों का उत्तर से दक्षिण सही अनुक्रम है –**
(a) संत कबीर नगर, अम्बेडकर नगर, सिद्धार्थ नगर, संत रविदास नगर
(b) सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर, अम्बेडकर नगर, संत रविदास नगर
(c) अम्बेडकर नगर, सिद्धार्थ नगर, संत रविदास नगर, संत कबीर नगर
(d) संत रविदास नगर, सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर, अम्बेडकर नगर

**UPPCS (Mains) G.S. I$^{st}$ 2010**

**Ans. (b) :** प्रश्नानुसार उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, अम्बेडकर नगर तथा संत रविदास नगर का उत्तर से दक्षिण का सही अनुक्रम है।

**59. उत्तर प्रदेश में सबसे कम क्षेत्रफल वाला जनपद कौन-सा है?**
(a) गौतम बुद्ध नगर (b) हाथरस
(c) कन्नौज (d) संत रविदास नगर

**आबकारी सिपाही - 25-09-2016**

**Ans : (d)**

| **जिला** | **क्षेत्रफल** |
|---|---|
| संत रविदास नगर (भदोही) | 1015 वर्ग कि.मी. |
| गौतम बुद्ध नगर | 1282 वर्ग कि.मी. |
| हाथरस | 1840 वर्ग कि.मी. |
| कन्नौज | 2093 वर्ग कि.मी. |

**60. उत्तर प्रदेश राज्य का भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन-सा स्थान है?**
(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

**वन रक्षक - 11-12-2015**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर मध्य में स्थित एक सीमान्त राज्य है। पूर्व से पश्चिम इसकी लम्बाई 650 किमी. तथा उत्तर से दक्षिण तक चौड़ाई 240 किमी. है, इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 2,40,928 वर्ग किमी. है। जो कि सम्पूर्ण भारत के क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है, क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में राजस्थान प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय, महाराष्ट्र तृतीय तथा उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर है।

**61. उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला कौन सा है?**
(a) लखीमपुर खीरी (b) इलाहाबाद
(c) लखनऊ (d) रायबरेली

**U.P.S.I. Mritak Ashrit, 2016**
**UDA/LDA Pre. 2010**
**UPPSC Asst. Forest Constable Exam 2015**
**Allahabad High Court CA/RGC 21-12-2022 Shift-I**

**Ans : (a)** क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान, म.प्र. तथा महाराष्ट्र के बाद **उत्तर प्रदेश का देश में चौथा स्थान** है। प्रदेश का क्षेत्रफल 2,40,928 वर्ग किमी. है जो कि **भारत के क्षेत्रफल का 7.33%** है।
उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला लखीमपुर खीरी तथा सबसे कम क्षेत्रफल वाला जिला हापुड़ है।

**62. निम्न में से कौन सा राज्य उत्तर प्रदेश का सीमावर्ती राज्य है?**
(a) राजस्थान (b) पंजाब
(c) पश्चिम बंगाल (d) आंध्र प्रदेश

**UPP Constable, 2009**

**Ans : (a)** उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर मध्य में अवस्थित एक सीमान्त राज्य है जिसकी ग्लोब पर स्थिति $23^0$52' उत्तरी अक्षांश से $30^0$24' उत्तरी अक्षांश $77^0$05' पूर्वी देशांतर से $84^0$39' पूर्वी देशांतर के मध्य है। उत्तर प्रदेश की सीमा को स्पर्श करने वाले राज्य इस प्रकार हैं– उत्तर में उत्तराखण्ड, उत्तर-पश्चिम में हिमाचल प्रदेश, पश्चिम में हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान, दक्षिण में मध्य प्रदेश, दक्षिण–पूर्व में छत्तीसगढ़ तथा पूर्व में बिहार एवं झारखण्ड। उत्तर प्रदेश की सीमा आठ राज्यों तथा एक केन्द्र शासित प्रदेश से लगती है। इसकी उत्तरी सीमा अंतर्राष्ट्रीय सीमा (नेपाल से) बनाती है।

**63. निम्न में से कौन सा जिला उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) फतेहपुर (b) जौनपुर
(c) महोबा (d) श्रावस्ती

**UPP Constable, 19.06.2018 (Shift-2)**

**Ans : (c)** दिए गये विकल्पों में 'महोबा' जिला बुन्देलखण्ड क्षेत्र से सम्बन्धित है। जो चित्रकूट धाम मण्डल के अंतर्गत आता है।

**64. निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश से सीमाएं साझा करता है?**

(a) चीन (b) भूटान
(c) नेपाल (d) बांग्लादेश

**UPP Constable, 19.06.2018 (Shift-1)**

**Ans : (c)** उ.प्र. की सीमा को स्पर्श करने वाला एकमात्र विदेशी राष्ट्र नेपाल है, जबकि केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली सहित कुल नौ राज्य उत्तर प्रदेश की सीमा को स्पर्श करते हैं। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से चार राज्यों बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश की सीमा लगती है।

**65. निम्नलिखित में से किस जिले को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 23वें जिले के रूप में शामिल किया गया है?**

(a) शामली (b) अलीगढ़
(c) आगरा (d) मथुरा

**UPP Constable, 19.06.2018 (Shift-1)**

**Ans : (a)** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR- National Capital Region) के 23वें जिले के रूप में उ.प्र. के शामली जिले को शामिल किया गया है। वर्तमान में उ.प्र. के 8 जिले (मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, शामली) एनसीआर में शामिल हैं। एन.सी.आर. में उ.प्र. राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

**66. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसकी सीमा नेपाल के साथ लगती है?**

(a) गोरखपुर (b) महाराजगंज
(c) बलिया (d) बस्ती

**UPP Constable, 26.10.218 (Shift-1)**
**Lower Exam 10-10-2019 Shift-I**
**Allahabad High Court ARO 14-12-2021 Shift-**
**UPPCS (Mains) G.S. 2015 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश की सीमा भारत के आठ राज्यों व एक केन्द्रशासित प्रदेश तथा एक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा नेपाल से मिलती है। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले की सीमा नेपाल के साथ लगती है।

**67. कब संयुक्त प्रांत का नाम बदल कर उत्तर प्रदेश किया गया था?**

(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 24 जनवरी, 1950
(c) 15 अगस्त, 1950 (d) 2 अक्टूबर, 1950

**UPP Constable, 26.10.218 (Shift-1)**
**Allahabad High Court CA/RGC 21-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत से बदल कर उत्तर प्रदेश रखा गया, उस समय राज्य के मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत थे।

**68. उत्तर प्रदेश का राज्य पशु कौन सा है?**

(a) मत्स्य-विडाल (फिशिंग कैट)
(b) लाल पांडा
(c) चश्माधारी बंदर
(d) बारहसिंगा (दलदल का मृग)

**UPSI 21.11.2021 Shift-I**
**UPSI Mritak Ashrit, 2016**
**Lower Exam 2019 (Shift-II)**
**Allahabad High Court ARO 20-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का राजकीय पशु बारहसिंगा (दलदल का मृग) है। उत्तर प्रदेश दिवस प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1950 में उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी।

उत्तर प्रदेश की राजकीय भाषा – हिन्दी और उर्दू
उत्तर प्रदेश का राजकीय चिह्न – मछलियां एवं तीर-धनुष
उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प – पलाश (Butea monosperma)
उत्तर प्रदेश का राजकीय वृक्ष – अशोक
उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी – सारस या क्रौंच

**69. कौन-सा विकल्प उत्तर प्रदेश के शहरों से उन नदियों के साथ मेल खाता है जिनके किनारे वे शहर स्थित हैं?**

| क्र.सं. | नदी | क्र.सं. | शहर |
|---|---|---|---|
| A | गंगा | 1 | जौनपुर |
| B | राप्ती | 2 | बिठूर |
| C | गोमती | 3 | प्रतापगढ़ |
| D | सई | 4 | गोरखपुर |

(a) A-4; B-3; C-2; D-1 (b) A-2; B-4; C-1; D-3
(c) A-3; B-4; C-1; D-2 (d) A-2; B-1; C-4; D-3

**ग्राम विकास अधिकारी - 22-12-2018 (shift- II)**

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश में नदियों के किनारे स्थित शहर निम्न् हैं–
(A) गंगा – बिठूर
(B) राप्ती – गोरखपुर
(C) गोमती – जौनपुर
(D) सई – प्रतापगढ़

**70. उत्तर प्रदेश में कुल कितने जिले हैं?**

(a) 72 (b) 75
(c) 78 (d) 77

**विधान भवन रक्षक - 02-12-2018 (Shift- II)**
**Allahabad High Court CA/RGC 21-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले तथा 18 मंडल हैं। लखनऊ इसकी राजधानी है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल हैं।

TEAM SPY

# 02. भौतिक विन्यास

**1. निम्नलिखित में से कौन-सी गुफाएँ उत्तर प्रदेश में स्थित हैं?**
(a) भीमबेटका गुफाएँ (b) बाघ गुफाएँ
(c) बादामी गुफाएँ (d) गुप्त गोदावरी गुफाएँ
**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** गुप्त गोदावरी की गुफाएँ उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में स्थित हैं। इस गुफा में दो प्राकृतिक सिंहासन रूपी चट्टानें हैं, जहां माना जाता है कि भगवान राम और उनके भाई लक्षमण ने वनवास के दिनों में यहां समय बिताया था और दरबार लगाया था। यहां एक छोटी नदी गुप्त गोदावरी है, जो भूमिगत गुफा में बहती है। भीम बेटका की गुफाएँ और बाघ की गुफाएँ मध्य प्रदेश में तथा बादामी की गुफाएँ कर्नाटक राज्य में स्थित हैं।

**2. उत्तर प्रदेश के दक्षिण भाग की सबसे ऊँची पहाड़ी कौन-सी है?**
(a) कैमूर (b) विन्ध्याचल
(c) सोनाकर (d) सतपुड़ा
**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के दक्षिण भाग की सबसे ऊँची पहाड़ी सोनाकर है। यह पहाड़ी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थित है। ध्यातव्य है कि उत्तर प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी 'अमसोत' है, जो सहारनपुर जिले में स्थित है।

**3. उत्तर प्रदेश में इसके कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग..........भाग वनों और वृक्षों से घिरा हुआ क्षेत्र है।**
(a) 7% (b) 8%
(c) 9% (d) 10%
**Allahabad High Court RO 08--01-2017**

**Ans. : (c)** उत्तर प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 9.18% भाग वनों और वृक्षों से घिरा हुआ है।

**4. निम्न में से कौन-सा उत्तर प्रदेश का उच्चतम बिंदु है?**
(a) कैमूर पहाड़ियाँ (b) अमसोट चोटी
(c) सोनपार पहाड़ियाँ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
**UPPSC APS 2023**

**Ana. (b) :** उत्तर प्रदेश का उच्चतम बिंदु अमसोट चोटी है, जो शिवालिक पहाड़ियों का एक हिस्सा बनाती है। यह चोटी सहारनपुर में स्थित है।

**5. बुन्देलखण्ड आर्थिक क्षेत्र में जनपदों की संख्या है:**
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8
**UPPSC Health Inspector 2013**

**Ans. (c)** बुन्देलखण्ड आर्थिक क्षेत्र में जनपदों की संख्या 7 है। चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, झांसी और ललितपुर का भू-भाग बुंदेलखण्ड कहलाता है।

**6. उ.प्र. का कौन क्षेत्र आद्य कल्प की प्राचीनतम शैलों से निर्मित है :**
(a) शिवालिक (b) विन्ध्याचल
(c) रूहेलखण्ड (d) बुन्देलखण्ड
**UPPSC Health Inspector 2013**

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश का बुन्देलखण्ड क्षेत्र आद्य कल्प की प्राचीनतम शैलों से निर्मित है। बुन्देलखण्ड मध्य भारत का एक प्राचीन क्षेत्र है। इसका विस्तार उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में है। इसका प्राचीन नाम जेजाकभुक्ति है।

**7. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?**

| **उत्तर प्रदेश के जनपद** | | **अधिकतम/न्यूनतम क्षेत्र** |
|---|---|---|
| (a) लखीमपुर खीरी | - | अधिकतम भौगोलिक क्षेत्रफल |
| (b) सोनभद्र | - | अधिकतम वन आच्छादित क्षेत्रफल |
| (c) सीतापुर | - | न्यूनतम भौगोलिक क्षेत्रफल |
| (d) संत रविदासनगर | - | न्यूनतम वन आच्छादित क्षेत्रफल |

**UPPSC ACF RFO (Mains) 2021 Paper-I**

**Ans. (c) :** सही सुमेलन इस प्रकार हैं-

| **उत्तर प्रदेश के जनपद** | **अधिकतम/न्यूनतम क्षेत्र** |
|---|---|
| लखीमपुर खीरी | अधिकतम भौगोलिक क्षेत्रफल |
| सोनभद्र | अधिकतम वन आच्छादित क्षेत्रफल |
| सीतापुर | सर्वाधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाला जिला |
| संत रविदासनगर | न्यूनतम वन आच्छादित क्षेत्रफल |
| हापुड़ (660 वर्ग किमी.) | न्यूनतम भौगोलिक क्षेत्रफल |

**8. उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'पूर्व का ग्रास' के नाम से जाना जाता है?**
(a) गोरखपुर (b) मुरादाबाद
(c) बनारस (d) कन्नौज
**UPP Constable, 18.06.2018 (Shift-1)**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश के कन्नौज शहर को 'पूर्व का ग्रास' के नाम से जाना जाता है। कन्नौज एक प्राचीन नगर है, जो कभी हिन्दू साम्राज्य की राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित रहा था। माना जाता है कि कान्यकुब्ज ब्राह्मण मूल रूप से इसी स्थान के रहने वाले थे। सम्राट हर्षवर्धन के शासन काल में कन्नौज अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँच गया था। वर्तमान काल में यह नगर गुलाब जल, इत्र एवं अन्य सुगंधित पदार्थ बनाने के लिए प्रसिद्ध है। वर्तमान कन्नौज शहर अपने 'इत्र' व्यवसाय के अलावा तंबाकू के व्यापार के लिए भी मशहूर है। यहाँ मुख्य रूप से कन्नौजी भाषा बोली जाती है।

**9. उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला बुंदेलखंड क्षेत्र का हिस्सा है?**
(a) चंदौली (b) औरैया
(c) महोबा (d) एटा
**UPP Constable, 25.10.2018**

**Ans. (c) :** बुंदेलखण्ड उत्तर प्रदेश के दक्षिण और मध्य प्रदेश के लगभग पूर्वोत्तर में स्थित है। उत्तर प्रदेश का जिला 'महोबा' बुंदेलखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत आता है। बुंदेलखण्ड भारत के उस भूखण्ड का नाम है जिसके उत्तर में यमुना नदी, दक्षिण में विंध्य पर्वत शृंखला पूर्व में टौंस नदी तथा पश्चिम में बेतवा नदी स्थित है। बुंदेलखण्ड में शामिल जिले- झांसी, बांदा ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, महोबा और चित्रकूट।

YCT

**10. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| **सूची-I (हिमालय की चोटियाँ)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| (A) नंगा पर्वत | 1. जम्मू और कश्मीर |
| (B) नंदा देवी | 2. सिक्किम |
| (C) कंचनजंगा | 3. उत्तराखण्ड |

**कूट :**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | (b) | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | (d) | 3 | 1 | 2 |

**असिस्टेन्ट एकाउन्टेन्ट 22-11-2015**

**Ans: (b)**

| **हिमालय की चोटियाँ** | **राज्य** |
|---|---|
| नंगा पर्वत | जम्मू और कश्मीर |
| नंदा देवी | उत्तराखण्ड |
| कंचनजंगा | सिक्किम |

**11. किस शहर को अभी तक ''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र'' में सम्मिलित नहीं किया गया है?**

(a) जींद (b) करनाल
(c) अलीगढ़ (d) मुजफ्फरनगर

**ग्राम पंचायत अधिकारी- 21-02-2016**

**Ans : (c)** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले को अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित नहीं किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित क्षेत्र - दिल्ली, उत्तर प्रदेश के 8 जिले गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, हापुड़, मुजफ्फरनगर और शामली, हरियाणा के फरीदाबाद, गुड़गाँव, मेवात, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, महेन्द्रगढ़, भिवानी, जींद, करनाल तथा राजस्थान के भरतपुर, अलवर हैं।

**12. बुंदेलखंड नामक क्षेत्र निम्नलिखित किस सीमा के अंतर्गत आता है?**

(a) उत्तर प्रदेश - बिहार सीमा
(b) उत्तर प्रदेश - मध्य प्रदेश सीमा
(c) उत्तर प्रदेश - नेपाल सीमा
(d) उत्तर प्रदेश - उत्तराखण्ड सीमा

**Lower Exam – 01-10-2019 (Shift-II)**

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश राज्य के सर्वाधिक (11) जिलों की सीमा मध्य प्रदेश से लगती है, जो निम्न हैं– इटावा, जालौन, झाँसी, आगरा, ललितपुर, महोबा, बाँदा, चित्रकूट, प्रयागराज, मिर्जापुर और सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के दक्षिण में 7 जनपद (2 संभाग) और मध्य प्रदेश के उत्तर में 13 जनपद (3 संभाग) में लगभग 1.5 लाख वर्ग किमी. में फैले क्षेत्र को बुन्देलखण्ड के नाम से जाना जाता है।
झाँसी संभाग - झाँसी, ललितपुर, जालौन।
चित्रकूट संभाग (मुख्यालय-बाँदा)-चित्रकूट, बाँदा, महोबा, हमीरपुर।

**13. उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर स्थित है?**

(a) बस्ती (b) बुलंदशहर
(c) बांदा (d) बलिया

**Lower Exam – 01-10-2019 (Shift-II)**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश का बलिया जिला बिहार की सीमा पर स्थित है। उत्तर प्रदेश की सीमा देश के 9 (8 राज्य + 1 केन्द्रशासित प्रदेश) राज्यों के साथ लगती है, जो निम्न हैं–राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा तथा केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली हैं। जिसमें बिहार राज्य की सीमा उत्तर प्रदेश के 7 जिलों से लगती है। जो दक्षिण से उत्तर क्रमशः सोनभद्र, चन्दौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर और महाराजगंज हैं। उत्तर प्रदेश का सबसे पूर्वी जिला बलिया तथा सबसे पश्चिमी जिला शामली है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा देश उत्तर प्रदेश राज्य के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है?**

(a) चीन (b) नेपाल
(c) भूटान (d) बांग्लादेश

**Lower Exam – 30-09-2019 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश, नेपाल के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करता है। उत्तर प्रदेश के सात जिले- पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज, नेपाल के साथ सीमा साझा करते हैं।

**15. उत्तर प्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला इस राज्य के अन्य जिलों से घिरा हुआ है (यानी, किसी भी अन्य राज्य या देश के साथ सीमा साझा नहीं करता है)?**

(a) सहारनपुर (b) देवरिया
(c) हरदोई (d) ललितपुर

**Lower Exam – 30-09-2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश का हरदोई जिला किसी अन्य राज्य या देश के साथ सीमा साझा नहीं करता है। हरदोई जिसके पूर्व में सीतापुर, पश्चिम में फर्रुखाबाद और कन्नौज उत्तर में लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर, दक्षिण में उन्नाव व लखनऊ जिलों से घिरा हुआ है।

**16. उत्तर प्रदेश के निम्न में से कौन-से ज़िले की सीमा मध्य प्रदेश के साथ साझा नहीं करती है?**

(a) इलाहाबाद (b) मिर्जापुर
(c) इटावा (d) अलीगढ़

**ग्राम विकास अधिकारी - 22-12-2018 (shift- II)**

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद), मिर्जापुर, आगरा, इटावा, झाँसी, ललितपुर, बाँदा, चित्रकूट, सोनभद्र जालौन आदि जिले मध्य प्रदेश राज्य के साथ सीमा साझा करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, सहारनपुर, शामली, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, बागपत ये सभी जिले हरियाणा राज्य के साथ सीमा साझा करते हैं।

**17. उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमा सर्वाधिक राज्यों को स्पर्श करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य इनमें शामिल नहीं है?**

(a) उत्तराखंड (b) ओडिशा
(c) मध्य प्रदेश (d) झारखंड

**व्यायाम प्रशिक्षक - 16-09-2018 (Shift-I)**

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश की भौगोलिक सीमा कुल 9 राज्य (8 राज्य + 1 केन्द्रशासित प्रदेश) को स्पर्श करती है। ये राज्य उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली (केन्द्रशासित प्रदेश), हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार तथा झारखण्ड हैं।

TEAM SPY

# 03. जलवायु एवं मृदा

1. **उत्तर प्रदेश में किस प्रकार की जलवायु है?**
   (a) उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी
   (b) उष्ण-शुष्क मानसूनी
   (c) शीतोष्ण
   (d) समशीतोष्ण

**Allahabad High Court RO 11--12-2021 Shift-I**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश में 9 विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के साथ उष्ण कटिबन्धीय मानसूनी जलवायु पायी जाती है। राज्य में अधिकांश वर्षा मानसून के मौसम में होती है, जो जून से सितंबर तक रहता है। यूपी के दक्षिण-पूर्व और पूर्व में लगभग 100 मिलीमीटर वर्षा होती है।

2. **उत्तर प्रदेश में प्रमुखतया किस प्रकार की मिट्टी पायी जाती है?**
   (a) जलोढ़ मिट्टी
   (b) बुलई दोमट मिट्टी
   (c) लाल दुमट
   (d) लाल एवं काली मिश्रित

**Allahabad High Court RO 07-01-2022 Shift-II**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश में प्रमुखतया जलोढ़ मिट्टी पायी जाती है। ये मैदानी क्षेत्रों में पश्चिम से पूर्व तक फैली हुई है। उत्तर प्रदेश में जलोढ़ मिट्टी मुख्य रूप से गंगा और उसकी सहायक नदियों द्वारा लायी जाती है। जलोढ़ मिट्टी दो प्रकार की होती है-
1. बांगर या पुरानी जलोढ़ मृदाएँ
2. खादर या नवीन जलोढ़ मृदाएँ

3. **उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड में उच्चतम औसत तापमान इस तथ्य के कारण है कि यह ____के निकट स्थित है।**
   (a) हरियाणा राज्य
   (b) नेपाल सीमा
   (c) विकल्पों में से कोई नहीं
   (d) कर्क रेखा

**UP Police Asst.Operator 04/02/2024 Shift-I**

**Ans. (d) :** बुन्देलखण्ड का वास्तविक स्थानीय तापमान परिस्थितियों जैसे कि चट्टानी मिट्टी या चट्टानों से धुंध और विकिरण की कमी के कारण बहुत अधिक होता है। यहाँ उच्चतम औसत तापमान होने का एक अन्य प्रमुख कारण इसका कर्क रेखा के समीप होना भी है।

4. **उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
   **1. उत्तर प्रदेश 9 आर्थिक क्षेत्रों में बंटा है।**
   **2. उत्तर प्रदेश में 11 कृषि-जलवायु क्षेत्र हैं।**
   **नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए –**
   **कूट :**
   (a) 1 और 2 दोनों
   (b) न तो 1 ना ही 2
   (c) केवल 2
   (d) केवल 1

**UPPCS (RO/ARO) 2023 Cancelled**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश को 4 आर्थिक क्षेत्रों में बाँटा गया है जो इस प्रकार हैं पूर्वी आर्थिक क्षेत्र (28 जिले) पश्चिमी आर्थिक क्षेत्र (30 जिले) केन्द्रीय आर्थिक क्षेत्र (10 जिले) तथा बुन्देलखण्ड आर्थिक क्षेत्र 7 (जिले)।
* उत्तर प्रदेश में 9 कृषि जलवायु क्षेत्र पाये जाते हैं।

5. **निम्न प्रकारों की मिट्टी में से किस एक की बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्रमुखता है?**
   (a) काली कपास की मिट्टी
   (b) जलोढ़ मिट्टी
   (c) करैल मिट्टी
   (d) विन्ध्यन मिट्टी

**UPPCS (J) 2006**

**Ans. (a) :** बुन्देलखण्ड क्षेत्र में मुख्यतः दो प्रकार की मिट्‌टी पाई जाती है-
1. **काली मिट्‌टी-** काली मिट्‌टी में दो प्रमुख वर्ग की मिट्‌टी पाई जाती है काबर और मार। इस तरह की मिट्‌टी में जल धारण क्षमता बहुत अधिक है और उत्पादन क्षमता भी अत्यधिक है।
2. **लाल मिट्‌टी-** इस मिट्‌टी को राकर और यरूआ दो समूह में विभक्त किया जा सकता है। इस मिट्‌टी में जल धारण क्षमता एवं उत्पादन क्षमता बहुत कम है। इस मिट्‌टी की वृहद संरचना के कारण इसमें भू-कटाव बहुत अधिक होता है।

6. **उत्तर प्रदेश के भाबर क्षेत्र में निम्नलिखित में से किस प्रकार की मृदा पाई जाती है।**

(a) महीन जलोढ़

(b) दलदली

(c) कंकरीली व पथरीली

(d) भूर

**UPPSC Health Inspector 2013**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश के भाबर क्षेत्र में कंकरीली व पथरीली मिट्टी पाई जाती है।

7. **उ. प्र. में लाल मिट्टी मुख्यतः– पाई जाती है –**

(a) सीतापुर - बाराबंकी में

(b) एटा - मैनपुरी में

(c) मिर्जापुर - झांसी में

(d) आगरा - मथुरा में

**UP UDA/LDA Spl. (M) G.S., 2010**
**Allahabad High Court ARO 14-12-2021 Shift-II**
**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** लाल मृदा दक्षिणी प्रयागराज, झांसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा चन्दौली जिलों में पायी जाती है। इस मृदा का निर्माण बालुकामय लाल विन्ध्य चट्टानों के टूटने-फूटने से हुआ। इस मृदा में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, चूना तथा जैव तत्वों की कमी तथा लौह अंश की अधिकता पायी जाती है।

8. **लवण-प्रभावित मृदाएँ मुख्यतः उ. प्र. के किन मण्डलों में पायी जाती हैं?**

(a) आगरा एवं अलीगढ़

(b) मेरठ एवं मुरादाबाद

(c) बस्ती एवं गोरखपुर

(d) झांसी एवं चित्रकूट

**UPPSC ACF - 2017**

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश के बांगर मृदा वाले क्षेत्र में भूमि के समतल होने और जल निकासी का उचित प्रबन्ध न होने, नहरों से सिंचाई किये जाने, वर्षा की कमी, लवणयुक्त जल से सिंचाई की अधिकता, जुताई एक ही गहराई तक करते रहने तथा क्षारीय उर्वरकों के लगातार प्रयोग आदि कारणों से लगभग 10 प्रतिशत भूमि ऊसर हो चुकी है जो कि प्रदेश के अलीगढ़, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, कानपुर, उन्नाव, एटा, इटावा, रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, प्रयागराज आदि जिलों में पायी जाती है।

9. **निम्नलिखित स्थानों में वर्षा ऋतु में कहाँ सर्वाधिक वर्षा होती है?**

(a) बांदा

(b) मुरादाबाद

(c) गोरखपुर

(d) वाराणसी

**UPPSC Health Inspector 2013**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक (184.7 सेमी.) वर्षा गोरखपुर में होती है। गोरखपुर, उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वी भाग में स्थित भारत का एक प्रसिद्ध शहर है।

10. **उत्तर प्रदेश में शस्य-जलवायु क्षेत्रों की संख्या है –**

(a) 5

(b) 7

(c) 9

(d) 11

**UPPSC Medical Officer (Unani), 2023**
**UPPCS (Pre) GS, 2014**
**UPPSC RO/ARO (Pre) Re-exam -2016**
**Lower Third 26.06.2016**

**Ans. (c) :** कृषि को प्रभावित करने वाले कारकों यथा - मृदा प्रकार, वर्षा, तापमान, जल एवं मानव संसाधन आदि के आधार पर उत्तर प्रदेश को 9 कृषि जलवायु प्रदेशों में बाँटा गया है जो निम्नलिखित हैं –

1. भाबर एवं तराई क्षेत्र
2. पश्चिमी मैदान
3. मध्य पश्चिमी मैदान
4. दक्षिणी-पश्चिमी समशुष्क मैदान
5. मध्य मैदान
6. बुन्देलखण्ड क्षेत्र
7. उत्तरी-पूर्वी मैदान
8. पूर्वी मैदान
9. विन्ध्य क्षेत्र।

11. **मृदा जिसमें मुख्य रूप से पोटाश की कमी है, उत्तर प्रदेश के ........... जिले में पाई जाती है।**

(a) जौनपुर (b) बहराइच

(c) बलरामपुर (d) गोंडा

**UPP Constable, 25.10.2018**

**Ans. (a) :** मृदा पृथ्वी की ऊपरी सतह पर पाई जाने वाली असंगठित पदार्थों की ऊपरी परत है जो चट्टानों के विखण्डन अथवा वनस्पतियों के अवसादों के मिश्रण से बनती है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़ तथा मऊ जनपद की मिट्टियों (मृदा) में मुख्यतः पोटाश की कमी पाई जाती है।

TEAM SPY

# 04. प्राकृतिक वनस्पतियाँ, वन एवं वन्य जीव

**1. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश में स्थित नहीं है?**
(a) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान
(b) भीमराव अम्बेडकर पक्षी वन्यजीव
(c) हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य
(d) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
**Allahabad High Court ARO 14-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश राज्य में स्थित एक बाघ अभयारण्य है। इसे 1 जून, 1955 को राष्ट्रीय उद्यान तथा वर्ष 1973 में बाघ अभयारण्य घोषित किया गया। यह मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।

**2. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित शहरों में से, सबसे छोटा वन अभयारण्य कहाँ स्थित है?**
(a) राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, इटावा
(b) पटवा वन्यजीव अभयारण्य, एटा
(c) सुहेलवा वन्यजीव अभयारण्य, बलरामपुर
(d) सुर सरोवर अभयारण्य, आगरा
**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** पटना पक्षी बिहार उ. प्र. का सबसे छोटा वन अभयारण्य हैं यह एटा जिला में स्थित है इसकी स्थापना 1991 ई. में हुई थी। इसका क्षे. 108 हेक्टेयर है।

**3. गंगा डॉल्फिन को कहा जाता है–**
(a) सेल (b) सेम
(c) सिल (d) सुसु
**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-I**

**Ans. (d) :** गंगा डॉल्फिन गंगा नदी में पायी जाने वाली जलीय जीव है इसे भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है इसे सुसु भी कहा जाता है।

**4. 'किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य'__ का एक हिस्सा है।**
(a) कॉरबेट नेशनल पार्क
(b) नन्दादेवी बायो स्फ़ीयर रिज़र्व
(c) दुधवा नेशनल पार्क
(d) नीलगिरि बायोस्फ़ीयर रिजर्व
**Allahabad High Court CA/RGC 21-12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** 'किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य' दुधवा नेशनल पार्क का एक हिस्सा है। दुधवा नेशनल पार्क उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले में है। यह अभयारण्य 1972 में स्थापित किया गया था। यह तेंदुए, टाइगर्स, अजगर, बार्किंग, हिरण, घड़ियाल, जंगली सुअर और दलदली पक्षियों का घर है। यह अभयारण्य साल, सागौन और जामुन के घने पर्णपाती जंगल से आच्छादित है। कार्बेट नेशनल पार्क उत्तराखण्ड में है। नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व तमिलनाडु में है।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर प्रदेश के उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वनों में पाया जाता है?**
(a) झिंगल (b) पलास
(c) महुआ (d) कोके
**Allahabad High Court ARO 18-12-2016**

**Ans : (b)** उत्तर प्रदेश में उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन पूर्व, मध्य एवं पश्चिमी मैदानों में पाये जाते हैं। यहाँ के प्रमुख वृक्षों में साल, पलास, अंजीर, अमलतास आदि हैं जबकि नदी तट के नम वाले क्षेत्रों में नीम, पीपल, शीशम, महुआ, बबूल आदि वृक्ष होते हैं।

**6. राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य किस लुप्तप्राय प्रजाति के लिए घर है?**
(a) घड़ियाल (b) कस्तूरी हिरण
(c) लंगूर (d) वन उल्लू
**Allahabad High Court ARO 15-12-2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य घड़ियाल प्रजाति का घर है। इसे राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल वन्यजीव अभ्यारण्य के नाम से जाना जाता है। यह भारत का एक संरक्षित क्षेत्र है, जो गंभीर रूप से विलुप्तप्राय घड़ियाल, लालमुकुट कछुआ और विलुप्तप्राय गंगा की सूंस की रक्षा के लिए बनाया गया है।

**7. उत्तर प्रदेश में वर्तमान वन क्षेत्रफल केवल है :**
(a) 2.56% (b) 7%
(c) 9.50% (d) 11.60%
**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-I**

**Ans. (*) :** भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार उत्तर प्रदेश का वनावरण 6.15% तथा वृक्षावरण 3.08% है। अतः उपर्युक्त विकल्पों में कोई भी विकल्प सही नहीं है। ध्यातव्य है कि वन स्थिति रिपोर्ट 2019 की तुलना में 12 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है, जिसमें सहारनपुर जिले में सर्वाधिक वृद्धि (49.92 वर्ग किमी.) हुई है तथा सर्वाधिक कमी सोनभद्र (103 वर्ग किमी.) में हुई है।

**नोट :** उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक वन आवरण क्षेत्रफल वाले जिले-
सोनभद्र – 2436 वर्ग किमी.
खीरी – 1272 वर्ग किमी.
मिर्जापुर – 746 वर्ग किमी.
पीलीभीत – 685 वर्ग किमी.
चित्रकूट – 631 वर्ग किमी.

**8. उत्तर प्रदेश में लॉयन सफारी कहाँ स्थापित हो रही है?**
(a) बलरामपुर (b) इटावा (c) महाराजगंज (d) पीलीभीत
**Allahabad High Court ARO 16-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश के इटावा में 350 हेक्टेयर क्षेत्र में लायन सफारी स्थापित हो रही है। यह 8 किमी. की परिधि वाला एशिया के सबसे बड़े सफारी पार्कों में से एक है। ध्यातव्य है इटावा लायन सफारी को पहली बार 2006 में प्रस्तावित किया गया था तथा मई 2012 में इसका कार्य शुरू हुआ था।

**9. उत्तर प्रदेश में कितने टाइगर रिज़र्व हैं ?**
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5
**Allahabad High Court ARO 18-12-2021 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में कुल 4 टाइगर रिजर्व हैं। (i) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, (ii) पीलीभीत टाइगर रिज़र्व, (iii) अमनगढ़ टाइगर रिजर्व, (iv) रानीपुर वन्य जीव अभयारण्य। हाल ही में उत्तर प्रदेश ने चित्रकूट जिले के रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य (RWS) में राज्य के चौथे बाघ अभयारण्य की अधिसूचना को मंजूरी दी।

**10. निम्नलिखित में से किस प्रजाति के सफल स्थानांतरण के लिए दुधवा उद्यान जाना जाता है?**

(a) तेंदुआ (b) हाथी
(c) गिद्ध (d) एक-सींग वाला गैंडा

**Allahabad High Court ARO 19-12-2021 Shift-II**

**Ans. (a) :** निम्नलिखित में से तेंदुआ प्रजाति के सफल स्थानान्तरण के लिये दुधवा राष्ट्रीय उद्यान को जाना जाता है। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में भारत – नेपाल सीमा पर स्थित है।

**11. उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभ्यारण्य कौन-सा है?**

(a) चंद्रप्रभा (b) कटरनियाघाट
(c) किशनपुर (d) हस्तिनापुर

**Allahabad High Court ARO 19-12-2021 Shift-II**

**Ans. (d) :** हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है। यह अभयारण्य मेरठ, मुज्जफरनगर, गाजियाबाद, बिजनौर और अमरोहा जिलों में विस्तृत है।

| अभयारण्य | जिला |
|---|---|
| चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य | चंदौली |
| किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य | लखीमपुर खीरी |
| कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य | बहराइच |

**12. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है?**

(a) बखीरा वन्यजीव : उन्नाव जिला
(b) ओखला वन्यजीव : ललितपुर जिला
(c) सांडी वन्यजीव : हरदोई जिला
(d) महावीर स्वामी : बस्ती वन्यजीव

**Allahabad High Court ARO 20-12-2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** सांडी वन्यजीव अभयारण्य भारत के उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में स्थित है। बखिरा पक्षी वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में स्थित है। ओखला गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा क्षेत्र में स्थित है।

**13. नवाबगंज पक्षी अभयारण्य किसे जिले में स्थित है?**

(a) बरेली जिला (b) बदायूँ जिला
(c) उन्नाव जिला (d) बाराबंकी जिला

**Allahabad High Court ARO 06-01-2022 Shift-I**
**Allahabad High Court ARO 20-12-2021 Shift-II**

**Ans. (c) :** नवाबगंज पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में स्थित है। वर्ष 2015 में इसका नाम बदलकर शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य कर दिया गया। यह अभयारण्य 224.6 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैला हुआ है।

**14. सुर सरोवर पक्षी अभयारण्य में कीथम झील किसका प्राकृतिक आवास है?**

(a) सारस क्रेन और चित्तीदार गिद्ध
(b) भारतीय मोर और हार्नबिल
(c) ग्रेड इंडियन बस्टर्ड
(d) हरा कबूतर और धूसर जंगल मुर्गी

**Allahabad High Court ARO 06-01-2022 Shift-I**

**Ans. (a) :** सुर सरोवर पक्षी अभयारण्य में कीथम झील सारस, क्रेन और चित्तीदार ईगल के लिए एक प्राकृतिक आवास है। यह झील भारत के आगरा में स्थित है। इसे 2020 में रामसर साइटों की सूची में जोड़ा गया था। वर्ष 1991 में उत्तर प्रदेश सरकार ने कीथम झील और आसपास के क्षेत्र को सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य घोषित किया था। यह अभयारण्य लगभग 8 किमी. के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें कई छोटे तालाब भी शामिल हैं।

**15. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान कितने वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है?**

(a) 270 वर्ग कि.मी. (b) 310 वर्ग कि.मी.
(c) 490 वर्ग कि.मी. (d) 510 वर्ग कि.मी.

**Allahabad High Court ARO 06-01-2022 Shift-I**
**Allahabad High Court RO 06-01-2022 Shift-I**

**Ans. (c) :** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान 490.3 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में स्थित है। यह वर्ष 1977 में स्थापित किया गया था। यह बाघों और बारहसिंगा के लिए प्रसिद्ध है।

**16. निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश में स्थित है?**

(a) नवाबगंज (b) भरतपुर
(c) चितरंगगुडी (d) रायगंज

**Allahabad High Court RO 08--01-2017**

**Ans. : (a)** नवाबगंज पक्षी अभयारण्य जिसका नाम बदलकर शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य (वर्ष 2015 में) कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर उन्नाव जिले में स्थित है। यह अभयारण्य 250 प्रकार के प्रवासी पक्षियों को संरक्षण प्रदान करता है।

**17. निम्न में से कौन-से बाघ अभयारण्य उत्तर प्रदेश में स्थित हैं?**

(a) दुधवा, कान्हा, अमनगढ़, बांधवगढ़
(b) पीलीभीत, बांदीपुर, रणथंभौर, राजाजी
(c) अमनगढ़, बांधवबाढ़, पीलीभीत, बांदीपुर
(d) दुधवा, अमनगढ़, पीलीभीत

**Allahabad High Court RO 10--01-2020**

**Ans. (d) :** वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 3 बाघ अभ्यारण्य हैं, जो निम्न हैं- दुधवा (लखीमपुर खीरी), पीलीभीत तथा अमनगढ़ (बिजनौर)। 1973 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' शुरू किया गया जिसके अंतर्गत प्रारम्भ में 9 बाघ रिजर्व बनाए गये थे, जो वर्तमान में बढ़कर 50 हो गये हैं।

**18. उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय पार्क तथा अभयारण्य से संबंधित युग्मों में से कौन युग्म बेमेल है?**

(a) चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य - वाराणसी
(b) कतर्नियाघाट अभयारण्य - पीलीभीत
(c) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान - लखीमपुर खीरी
(d) रानीपुर अभयारण्य - प्रयागराज

**Allahabad High Court RO 10-12-2021 Shift-I**

**Ans. (b) :** उपरोक्त विकल्प में कतर्नियाघाट अभ्यारण्य पीलीभीत में स्थित न होकर बहराइच में स्थित है। इसकी स्थापना 1975 में हुई थी और सन् 1987 में इसे बाघ संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट टाइगर के अधीन लाया गया।

| उद्यान/अभ्यारण्य | अवस्थिति |
|---|---|
| चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभ्यारण्य | चंदौली |
| दुधवा राष्ट्रीय उद्यान | लखीमपुर खीरी |
| रानीपुर अभ्यारण्य | चित्रकूट |

TEAM SPW

**19. नवाबगंज पक्षी अभयारण्य किस जिले में स्थित है?**

(a) बरेली जिला (b) बदायूँ जिला
(c) उन्नाव जिला (d) बाराबंकी जिला

**Allahabad High Court RO 06-01-2022 Shift-I**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश राज्य के महत्वपूर्ण पक्षी अभयारण्य तथा उनसे संबंधित जिलों के नाम –

| अभ्यारण्य | जिला |
|---|---|
| नवाबगंज पक्षी अभयारण्य | उन्नाव |
| सांडी पक्षी अभयारण्य | हरदोई |
| समसपुर पक्षी अभयारण्य | रायबरेली |
| समन पक्षी अभयारण्य | मैनपुरी |
| पार्वती अरगा पक्षी अभयारण्य | गोंडा |

**20. सुरहा ताल प्रसिद्ध अभयारण्य है जिसमें साइबेरिया और अन्य ठंडे क्षेत्रों से कई प्रवासी पक्षी भी आते हैं, उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है ?**

(a) संत कबीर नगर (b) एटा (c) गोण्डा (d) बलिया

**UP Police Const. (M/F) 17-02-2024 Shift-I (Cancelled)**

**Ans. (d) :** सुरहा ताल प्रसिद्ध अभयारण्य है जिसमें साइबेरिया और अन्य ठंडे क्षेत्रों से कई प्रवासी पक्षी भी आते हैं, यह उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित है।

**21. ''वीर अब्दुल हमीद फॉरेस्ट, वन्य-जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार'' योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?**

(a) 2022-23 (b) 2012-13 (c) 2021-22 (d) 2014-15

**UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023**

**Ans. (b) :** ''वीर अब्दुल हमीद फॉरेस्ट, वन्य-जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार'' योजना उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2012-13 से प्रारम्भ की गई। इस पुरस्कार को आरम्भ करने का उद्देश्य समाज में वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण की भावना जागृत करना है।

**22. निम्नलिखित में से किस जानवर की रक्षा के लिए हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की स्थापना वर्ष 1986 में की गई थी?**

(a) जंगली भैंस (b) दलदल हिरण (c) लाल पांडा (d) बाघ

**UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की स्थापना 1986 ई. में की गई थी। इसे दलदली हिरणों के संरक्षण के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। दलदली हिरण को बारहसिंघा भी कहा जाता है। इस अभयारण्य में सांभर, चीतल, नीलगाय तथा जंगली बिल्ली आदि जीव भी पाए जाते हैं। वर्तमान में इस अभयारण्य का विस्तार गाजियाबाद, बिजनौर और ज्योतिबाफुले नगर (अमरोहा) जिलों में भी है।

**नोट-**आयोग ने इस प्रश्न का प्रारम्भिक उत्तर विकल्प (d) माना है।

**23. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन-सा वन्यजीव अभयारण्य 1975 में स्थापित किया गया था?**

(a) किशनपुर (b) कतरनियाघाट (c) रायपुर (d) चम्बल

**UPPSC Polytechnic Lect. 2021**

**Ans : (b)** प्रश्न में दिए वन्यजीव अभयारण्य का सही स्थापित वर्ष निम्नलिखित है–

कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्य - वर्ष 1975
किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य - वर्ष 1972
चंबल वन्यजीव अभयारण्य - वर्ष 1979

उत्तर प्रदेश में रायपुर नामक कोई भी वन्यजीव अभयारण्य स्थापित नहीं किया गया है यद्यपि रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य की स्थापना वर्ष 1977 में हुई थी।

**नोट-** 31 मई, 1976 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कतरनियाघाट आरक्षित वन क्षेत्र को वन्य जीव विहार घोषित किया गया।

**24. ''चन्द्र प्रभा वन्य जीव अभयारण्य'' उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख वन्य जीव अभयारण्य है, निम्नलिखित में से कहाँ पर अवस्थित है?**

(a) जनपद पीलीभीत (b) जनपद चंदौली
(c) जनपद उन्नाव (d) जनपद महाराजगंज

**UPPSC ACF - 2017**
**UPPSC (J)- 2015**
**UPPSC Polytechnic Lect. 2021**
**Allahabad High Court ARO 19-12-2021 Shift-I**
**Allahabad High Court ARO 20-12-2021 Shift-II**
**कृषि प्राविधिक 15-02-2019**
**वन रक्षक 11-12-2015**

**Ans. (b) :** चन्द्र प्रभा वन्य जीव विहार/अभयारण्य उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में अवस्थित है। यह अभयारण्य लगभग 78 वर्ग किमी. में फैला हुआ है इसकी स्थापना 1957 में की गई थी।

**25. 'विजय सागर पक्षी विहार' निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश के किस स्थान पर स्थित है?**

(a) महोबा (b) मेरठ
(c) मुरादाबाद (d) महाराजगंज

**UPPSC ACF RFO (Mains) 2021 Paper-I**

**Ans. (a) :** 'विजय सागर पक्षी विहार' उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में स्थित है। जो एक पक्षी अभयारण्य है जो विजय सागर झील के किनारे स्थित है।

**26. उत्तर प्रदेश में अमनगढ़ टाइगर रिजर्व निम्नलिखित में किस टाइगर रिजर्व का हिस्सा है?**

(a) दुधवा (b)पीलीभीत
(c) कॉर्बेट (d)राजाजी

**UPPSC ACF RFO (Mains) 2021 Paper-I**

**Ans. (c) :** अमनगढ़ टाइगर रिजर्व मूल रूप से जिम कार्बेट नेशनल पार्क का हिस्सा था, और उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड राज्य बनने के बाद, जिम कार्बेट उत्तराखण्ड में चला गया और अमनगढ़ उत्तर प्रदेश में बना रहा।

**27. उत्तर प्रदेश में 'मयूर संरक्षण केन्द्र' निम्नलिखित में से किस स्थान / जनपद में स्थित है ?**

(a) महोबा (b) मथुरा
(c) मैनपुरी (d) महाराजगंज

**उत्तर-(b) UPPSC GIC Lecturer 2021**

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश के मथुरा (वृंदावन) जनपद में 'मयूर संरक्षण केंद्र' स्थित है।

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| (वन्यजीव अभयारण्य) | (अवस्थिति) |
|---|---|
| (a) महावीर स्वामी अभयारण्य | - जनपद ललितपुर |
| (b) लाख बहोशी अभयारण्य | - जनपद कन्नौज |
| (c) किशनपुर वन्य जीव अभयारण्य | - जनपद बलरामपुर |
| (d) कैमूर अभयारण्य | - मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद |

**UPPSC Polytechnic Lecturer 2021**

**Ans. (c) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| **(वन्य जीव अभयारण्य)** | **(अवस्थिति)** |
|---|---|
| (a) महावीर स्वामी अभयारण्य | - जनपद ललितपुर |
| (b) लाख बहोशी अभयारण्य | - जनपद कन्नौज |
| (c) किशनपुर वन्य जीव अभयारण्य | - जनपद लखीमपुर खीरी |
| (d) कैमूर अभयारण्य | - मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद |

**29. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जनपद में अवस्थित है?**

(a) सीतापुर (b) लखीमपुर खीरी
(c) कतरनियाघाट (d) कालेसर

**UPPSC Vetting Officer 2020**
**UPPSC ACF RFO (Mains) 2021 Paper-I**
**UP UDA/LDA (Pre) G.S. 2006**
**UP Police Constable 18-02-2024 Cancelled**
**UPSSSC Lower (Mains) 21-10-2021 Paper-I**

**Ans. (b) :** मोहना और सुहैला नदी के बीच 775 वर्ग किमी. वन क्षेत्र के रूप में 1861 में आरक्षित किया गया। 1977 में सरकार ने लखीमपुर खीरी जिले के 614 वर्ग किमी. क्षेत्र को दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के रूप में आरक्षित घोषित किया। दुधवा से लगभग 30 किमी. दूर स्थित एक अन्य आरक्षित क्षेत्र किशनपुर अभयारण्य एवं कतरनियाघाट को मिलाकर 1987 में दुधवा टाइगर रिजर्व बनाया गया।

**30. निम्नलिखित में से कौन वन्य जीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश में स्थित नहीं है?**

(a) किशनपुर (b)सुरहा ताल
(c) कतरनियाघाट (d)कालेसर

**UPPSC Vetting Officer 2020**

**Ans. (d) : किशनपुर वन्यजीव अभयारण्यः-** यह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में स्थित है। किशनपुर दुधवा राष्ट्रीय उद्यान की ही एक शाखा है। दुधवा, टाइगर प्रोजेक्ट योजना के अन्तर्गत आता है।
**कतरनियाघाट वन्यजीव अभयारण्यः-** यह उत्तर-प्रदेश के बहराइच जिले में स्थित है।
**सुरहा ताल अभयारण्यः-** यह उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थित है। इसे 1991 में एक पक्षी अभ्यारण्य के रूप में घोषित किया गया था।
जबकि कालेसर राष्ट्रीय उद्यान हरियाणा के यमुनानगर जिले में स्थित है। इसे 8 दिसम्बर 2003 को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।

**31. उत्तर प्रदेश में पहला गिद्ध संरक्षण केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया है?**

(a) सोनभद्र (b) बाँदा
(c) महाराजगंज (d) मेरठ

**UPPSC ACF/RFO Mains 2020 (Paper-Ist)**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में नवम्बर, 2019 में महाराजगंज जिले में प्रदेश का पहला गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस केन्द्र का विकास हरियाणा के पिंजौर में स्थित देश के पहले जटायु संरक्षण और प्रजनन केन्द्र की तर्ज पर किया जाना है।

**32. निम्नलिखित पक्षी अभयारण्यों में से कौन उत्तर प्रदेश में स्थित नहीं है?**

**1. पटना पक्षी अभयारण्य**
**2. जयप्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य**
**3. चित्रांगुडी पक्षी अभयारण्य**
**4. उधवा पक्षी अभयारण्य**

**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए–**
**कूटः**

(a) 1 और 3 (b) 1 और 4
(c) 1 और 2 (d) 3 और 4

**UP PSC ACF/RFO Mains Ist Paper 2019**

**Ans. (d):** चित्रांगुडी पक्षी अभयारण्य तमिलनाडु व उधवा पक्षी अभयारण्य झारखंड में स्थित है। पटना पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश के एटा जिले व जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (सुरहा ताल) बलिया जिले में स्थित है।

**33. वर्तमान में उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र है, मात्र –**

(a) 4.46 प्रतिशत (b) 5.64 प्रतिशत
(c) 6.84 प्रतिशत (d) 8.36 प्रतिशत

**UPPCS (Pre) G.S. Spl. 2004**

**Ans. (c) :** प्रश्नकाल के समय उत्तर प्रदेश में वन क्षेत्र मात्र 6.84 प्रतिशत था। नवीनतम वन स्थिति 2021 के अनुसार प्रदेश में कुल वनावरण एवं वृक्षावरण 9.23 प्रतिशत है।

**34. उत्तर प्रदेश में वन-महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है–**

(a) 8 जुलाई से 15 जुलाई (b) 16 जुलाई से 22 जुलाई
(c) 1 जुलाई से 7 जुलाई (d) 23 जुलाई से 30 जुलाई

**UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2013**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है इसका उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहन देना है।

**35. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए जो उत्तर प्रदेश के पक्षी विहारों से सम्बन्धित है तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. नवाबगंज पक्षी विहार | 1. गोण्डा |
| B. ओखला पक्षी विहार | 2. उन्नाव |
| C. समसपुर पक्षी विहार | 3. गाजियाबाद |
| D. पार्वती अरगा पक्षी विहार | 4. रायबरेली |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**UPPCS (Pre) G.S. 2003**

**Ans. (b) :** नवाबगंज पक्षी विहार- उन्नाव, ओखला पक्षी विहार - गाजियाबाद, समसपुर पक्षी विहार-रायबरेली, पार्वती अरगा पक्षी विहार-गोण्डा।
* ओखला पक्षी विहार–गौतम बुद्ध नगर जिले में आता है।

**36. उत्तर प्रदेश में नवाबगंज पक्षी विहार स्थित है –**

(a) गाजियाबाद जनपद में (b) गोण्डा जनपद में
(c) रायबरेली जनपद में (d) उन्नाव जनपद में

**UPPCS (Pre) G.S. 2005**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| **सूची-I (राज्य)** | **सूची-II (राष्ट्रीय उद्यान)** |
|---|---|
| A. उत्तर प्रदेश | 1. बाँदीपुर |
| B. असम | 2. राजाजी राष्ट्रीय उद्यान |
| C. ओडिशा | 3. सिमलीपाल |
| D. कर्नाटक | 4. मानस |